**केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर (प्रथम पाली)**

**द्वितीय आवधिक परीक्षा 2022-23**

**कक्षा-. दसवीं** **विषय-. हिन्दी**

**समय - - 90 मिनट** **पूर्णांक 40**

निर्देश- पूछे गए प्रश्नों को पढ़कर उत्तर लिखिए - 1×5=5 .

1 - हमारे हरि हारिल की लकरी ।
मन क्रम वचन नंदनंदन उर ,
यह दृढ़ करि पकरी ।
जागत सोवत स्वप्ना दिवस- निसि , कानह - कान्हा जकरी।
सुनत जोग लागत है ऐसौ जयौ करूंई ककरी ।
सु तौ बयाधि हमको ले आए,देखी सुनी न करी ।
यह तौ सुर तिनहि लै सौपौ, जिनके मन चकरी ।

1- हारिल की लकड़ी किसे कहा गया है?

क- उद्धव को ख- गोपियों कोजं

ग-. श्री कृष्ण को घ- कंस को

2- नंद नंदन विशेषण किसके लिए प्रयुक्त हुआ है-

क श्री कृष्ण के लिए ख-गोपियों के लिए

ग- सुदामा के लिए घ- नंद बाबा के लिए।

3- गोपियां किसे व्याधि मानती हैं-

क- उद्धव को ख- श्री कृष्ण के वियोग को

ग- उद्धव के योग ज्ञान को घ- श्री कृष्ण के प्रेम को ।

4- गोपियों को योग साधना कैसी लगती है-

क- हारिल की लकड़ी की तरह ख- हारिलपक्षी के समान

ग- जिसे कभी ना देखा हो घ- कड़वी ककड़ी के समान

5- गोपियां योग का संदेश किन के लिए उपयुक्त समझती हैं -

क- जो श्रीकृष्ण से प्रेम नहीं करते

ख- जिनका मन स्थिर नहीं है

ग- जिनका का मन स्थिर है

घ-. श्री कृष्ण के लिए।

प्रश्न 2- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-1×5=5

बार-बार सोचते क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर गृहस्थी जवानी जिंदगी सब कुछ होम देने वालों पर भी हंसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूंढती है ।दुखी हो गए । 15 दिन बाद फिर उसी कस्बे से गुजरे ।कस्बे में घुसने से पहले ख्याल आया कि कस्बे की हृदय स्थली में सुभाष की प्रतिमा अवश्य ही प्रतिस्थापित होगी ,लेकिन सुभाष की आंखों पर चश्मा नहीं होगा क्योंकि मास्टर बनाना भूल गया ।और कैप्टन मर गया ।सोचा, आज वहां रुकेंगे नहीं, पार भी नहीं खाएंगे , मूर्ति की तरफ देखेंगे भी नहीं, सीधे निकल जाएंगे। ड्राइवर से कह दिया ,चौराहे पर रुकना नहीं ,आज बहुत काम है ,पान आगे कहीं खा लेंगे।

1- बार-बार कौन सोच रहा था-

क- नेताजी ख- पानवाला ग- हालदार साहब घ- चश्मे वाला

2- हालदार साहब को किस बात का अफसोस है-

क- लोग देश भक्तों पर हंसते हैं ख- लोग देशभक्तों का सम्मान करते हैं

ग- लोग साफ सफाई नहीं करते।　　　घ- लोग आपस में लड़ते हैं।

3- गद्यांश में युवा पीढ़ी के लिए क्या संदेश है-

क- वह अपने देशभक्तों का सम्मान करें　　　ख- वह देश को साफ स्वच्छ रखें

ग- वह देश भक्तों की प्रतिमाएं लगाएं　　　घ- वह समाज की सेवा करें।

4- कैप्टन मर गया में कैप्टन प्रतीक है-

क- एक सैनिक का　　　ख- एक वीर और साहसी का

ग- एक देशभक्त नागरिक नागरिक का　　　घ- एक रौबदार अफसर का

5- हालदार साहब ने ड्राइवर को क्या आदेश दिया-

क. गाड़ी तेज चलाने का　　　ख- चौराहे पर ना रुकने का

ग- चौराहे पर रुकने का　　　घ- गाड़ी धीरे चलाने का।

प्रश्न 3- निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए1×5=5

1- साधु की पहचान किससे होती है।

2- भगत अपना साहब किसे मानते थे।

3- लखनवी अंदाज में किस पर व्यंग्य किया गया है

4- मूर्ति पर चश्मा कौन लगाता था

5- नेता जी ने क्या नारा दिया था।

प्रश्न 4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए 2×4=8

क- सेनानी ना होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

ख- भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

ग- उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई?

घ- परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन कौन से तर्क दिए ?

प्रश्न-5-नीचे लिखे प्रश्न के उत्तर दीजिए 1×3=3

क-होली के आसपास प्रकृति में जो परिवर्तन दिखाई देते हैं , उन्हें लिखिए-

प्रश्न 6- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए 2×3=6

क- बच्चे माता -पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं?

ख- बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि
के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

ग- कवि के अनुसार फसल क्या है?

प्रश्न 7- सही उत्तर लिखिए- 1×3=3

1- वाक्य के कितने अंग होते हैं-

क- दो　　ख- तीन　　ग- चार　　घ- पांच

2- प्रधानाचार्य महोदय भाषण दे रहे हैं।

क- कर्तृवाच्य　　ख- भाव वाचय　　ग- कर्मवाच्य　　घ- उपवाक्य

3- निम्नलिखित का पद परिचय दीजिए-

क- मैं पुस्तक पढ़ता हूं।

प्रश्न- 8 - अपने विद्यालय के छात्रों की अनुशासनहीनता की घटनाओं का उल्लेख करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही के लिए अनुरोध कीजिए- 1×5=5 ।